हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025

12 पार्किंग के अभाव में आईटीआई रोड पर...



12 देवउठनी एकादशी पर तुलसी पूजन व कथा की...



### मध्यप्रदेश में नवंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा

# हरियाणा की वॉलीबॉल अंडर-19 टीम में हिमांशी का चयन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगी दमखम

**अनेक प्रतियोगिता में हिमांशी हासिल कर चुकी है पदक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जब गांव की एक बेटी अपने खेल के दम पर न केवल जिले, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाती है, तो यह गौरव का क्षण होता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है गांव भोजावास निवासी रवि प्रकाश यादव की बेटी हिमांशी यादव ने। हिमांशी यादव का चयन हरियाणा की वॉलीबाल अंडर-19 में चयन हुआ है। हिमांशी अब मध्यप्रदेश में नवंबर में आयोजित होने वाले स्कूल नेशनल गेम्स में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। माता मसानी मंदिर महेंद्रगढ़ के प्रधान एवं हिमांशी के मामा चेतन यादव ने कहा कि हिमांशी की सफलता का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत और लगन को जाता है।



अदिति ने अपनी प्रतिभा से साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो में भी सपनों को पूरा करने का जज्बा है। हिमांशी का चयन अंडर-19 राष्ट्रीय स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो नवंबर 2025 में मध्य प्रदेश में आयोजित होगी। यह हिमांशी के लिए एक और बड़ी चुनौती है, जिसके लिए वह अभी से तैयारी में जुट गई है। उसकी सफलता उन सभी युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।

हिमांशी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन एक बड़ी उपलब्धि है और यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतरीन खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। उनकी मेहनत और लगन दूसरों के लिए प्रेरणा है। उम्मीद है कि हिमांशी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी। इस छोटी सी उम्र में इस बच्ची ने अपना ही नही पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

रविवार को मोहल्ला माता मसानी स्थित माता मंदिर में रसगुल्ले बांटकर खुशियां मनाई गई। नगर पालिका की वाइस चेयरपर्सन मंजू कौशिक ने हिमांशी यादव व उनके परिवार को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुरतागिरी आश्रम के महंत इतवार गिरी महाराज, महेंद्र सिंह सेन, फन्ने यादव, अश्विनी सोनी, सोहन टैनी, विकास तिवाड़ी, चही सैनी, चंद्रमोहन, विक्रम यादव, सुखदेव कुमार, सोनू यादव, अनिल, राजेंद्र, सुनील, उदय सैनी, कुलदीप यादव उपस्थित रहे।

**अनेक प्रतियोगिता में हासिल कर चुकी है मेडल**

हिमांशी ने वर्ष 2018 में वॉलीबाल खेलना शुरू किया था। वर्तमान में साई स्पोटर्स सेंटर राई में 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहीं है। हिमांशी एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। हिमांशी के पिता गांव में एक दुकान चलते है तथा माता गृहिणी है। हिमांशी ने कई बार अपनी टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इससे पहले हिमांशी ऑल इंडिया आईपीएससी गेम्स 2022-23 के अंडर-14 की टीम ने पहली पोजिशन हासिल की थी। वहीं वर्ष 2023 में ग्वालियर में आयोजित ऑल इंडिया वॉलीबाल गर्ल्स टूर्नामेंट के अंडर-17 में उनकी टीम रनरअप रहीं थी। दिसंबर 2023 में तमिलनाडु में आयोजित हुए 67वें नेशनल स्कूल गेम्स में अपनी टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा 56वीं हरियाणा राज्य विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में राई स्पोटर्स सेंटर की टीम की विजेता टीम का हिस्सा रहीं थी। वहीं चतुर्थ हरियाणा राज्य विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में राई स्पोटर्स टीम का हिस्सा रहीं थी। इस दौरान टीम ने तृतीय पोजिशन हासिल की थी।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं को लेकर इनेलो का प्रदर्शन आज

**महेंद्रगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल जिला महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ता तीन नवंबर को प्रातः 11 बजे जलभराव की निकासी, फसलों की विशेष गिरदावरी व मुआवजा, धान व बाजरे की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर न बिकने और खाद की किल्लत जैसी किसानों विभिन्न समस्याओं को लेकर महेंद्रगढ़ में प्रदर्शन करेंगे। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि सोमवार को 11 बजे जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक के नेतृत्व में उनके महेंद्रगढ़ स्थित निवास पर एकत्रित होकर मिनी सचिवालय में उपायुक्त को ज्ञापन देंगे।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए समाधान शिविर कल

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु चार नवंबर को विशेष बिजली अदालत एवं बिजली बिल समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर बिजली बोर्ड के सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड में प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि उपभोक्ता इस अवसर पर अपनी बिजली कनेक्शन से जुड़ी शिकायतें व बिल संबंधी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर घटित सड़क हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। गांव पोता निवासी युवक हर्षवर्धन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मित्र की बाइक से कनीना जा रहा था। जब वह बहाला-छितरौली चौक सीहोर के समीप पहुंचे तो तेज गति से आ रहे एक कल्टीवेटर जुड़े टैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक गांव छितरौली का बताया जा रहा है। पुलिस ने घायल हर्षवर्धन की शिकायत पर हादसे के ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 9 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से सेठ गणेशीलाल मेमोरियल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में नौ नवम्बर को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नगर परिषद की सीमा में आने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों के 10-10 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। सभी गोशालाओं को आर्थिक सहयोग, जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले, महाविद्यालयों व पोलेटैकनिक संस्थान के एक-एक उन छात्र-छात्राओं भी सम्मानित किया जाएगा।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सुरक्षा मानकों के निरीक्षण की लगाई गुहार

# बायल जोन में संचालित क्रशर के पंखों में फंसने से प्रवासी मजदूर की मौत

**10 साल में 50 से अधिक मजदूरों की मौत होने का जताया अंदेशा**

▶▶ *जानलेवा हादसों को दबाने के लिए क्रशर संचालकों पर प्रवासी मजदूर रखने के आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

क्रशर जोन में निर्धारित मापदंडों की पालना नहीं होने से जानलेवा हादसे निरंतर बढ़ रहे हैं। शुक्रवार की देर शाम बायल में संचालित एक क्रेशर के पंखों में प्रवासी मजदूर उलझने से दर्दनांक मौत हो गई। पीड़ित परिजनों ने संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस भी बुलाई, लेकिन पैसों की ताकत से शिकायतकर्ता के बयान बदलवा दिए। इसलिए पुलिस को इत्तफाकिया कार्रवाई के आधार पर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक बायल पहाड़ के पास पत्थर पिसाई की चक्की यानी क्रशर स्थापित हैं। जहां रोजाना हजारों मैट्रिक टन पत्थर की पिसाई होती है। यूनिट स्थापित करने के लिए विभाग ने प्रदूषण व अन्य मापदंड निर्धारित कर रखे हैं। संचालकों को क्रशर पर प्रशिक्षित मजदूर रखने, पिसाई के होद पर जाल लगाने तथा प्राथमिक चिकित्सा के प्रबंध रखने की हिदायत है।



निजामपुर। घटना स्थल पर पहुंची मृतक की पत्नी व अन्य परिजन। फोटो: हरिभूमि

**अधिकांश क्रशरों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं**

क्रशर के चारों तरफ ऊंची दीवार होनी चाहिए, ताकि डस्ट का फैलाव नहीं हो। इसके अलावा पौधरोपण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यावरण स्वच्छ रहे, लेकिन अधिकांश क्रशरों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं। अनट्रेंड कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिन्हें जोखिम स्थल पर काम करने का अनुभव नहीं है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को बायल जोन के क्रेशर पर पत्थरों की पिसाई हो रही थी, पत्थर धकेलते समय मजदूर का पैर फिसल गया। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक मजदूर ने बताया कि मृतक ने पत्थरों को पकड़कर जान बचाने का प्रयास भी किया था, लेकिन फिसलन की रफ्तार तेज होने के कारण बचाव संभव नहीं हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी व अन्य परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने संचालक से मृतक के संदर्भ में पूछा, लेकिन उन्होंने तत्काल जवाब नहीं दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का बयान दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**मृतक की पत्नी के बयानों पर इत्तफाकिया कार्रवाई**

निजामपुर थाना के इंचार्ज रविकुमार ने बताया कि जानलेवा हादसे की सूचना मिलने पर बायल क्रेशर पर पुलिस पहुंची थी। मौका निरीक्षण करने के बाद संचालक से पूछताछ की गई। इस दौरान मृतक के परिजनों ने घटना को इत्तफाकिया होने के बयान दिए है, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

**प्रशासनिक मिलीभगत से क्रशरों पर बढ़े जानलेवा हादसे**

धौलेड़ा, बिगोपुर, बखरीजा, मेघोत बींजा, खातोली, जैनपुर के ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश मजदूर प्रवासी मजदूरों को रखते हैं, क्योंकि जानलेवा हादसा होने की स्थिति में लोकल मजदूरों को दबाना संभव नहीं। प्रवासी मजदूरों को पैसों की ताकत व अन्य डर दिखाकर दबा दिया जाता है। बीते दस साल में 50 से अधिक जानलेवा हादसे हो चुके, लेकिन प्रशासनिक मिलीभगति से अधिकतर मामले मौके पर ही निपटा दिए गए।

# सुबह 6 बजे नांगल चौधरी-नारनौल चलने वाली रोडवेज 5 दिनों से बंद

**स्कूली विद्यार्थियों को हो रही परेशानी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नांगल चौधरी से सुबह छह बजे चलने वाली रोडवेज बस करीब पांच दिनों से बंद है। जिससे दैनिक यात्रियों और विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई। जिन्होंने जिला प्रशासन से तत्परता पूर्वक बस सेवा को बहाल करने की गुहार लगाई है। अन्यथा खंड मुखियालय पर धरना-प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम दिया है। इस बारे में अशोक कुमार, बिक्रम सिंह, महेशचंद, हरचंद, धर्मबीर सिंह ने बताया कि नांगल चौधरी के आसपास 40 से अधिक गांव हैं। जहां से रोजाना सैकड़ों लोग जल्द सुबह दिल्ली-गुरुग्राम के लिए रवाना होकर शाम को वापस आते हैं। उनकी सुविधा के लिए सुबह छह बजे रोडवेज बस का संचालन किया गया था। जिसका सुबह सात बजे नारनौल पहुंचने का शेड्यूल है। आठ बजे नारनौल से चलकर नौ बजे हरियाणा बार्डर के गांव रायमलिकपुर पहुंचती है।

यहां से स्कूली विद्यार्थियों को बैठाती हुई, इसके बाद 10 बजे नारनौल पहुंचती है, लेकिन पांच-सात दिनों से रूट पर बस उपलब्ध नहीं, ऐसे में दैनिक यात्रियों को अवैध वाहनों में सफर करना पड़ता है। जिनके चलने का कोई समय निर्धारित नहीं होने से लेटलतीफी का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरी तरफ विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों की भीड़ देखकर कोई अन्य वाहन भी नहीं रूकते, क्योंकि उन्हें किराया नहीं मिलने का डर रहता है। परिवहन व्यवस्था बिगड़ने के कारण 50 फीसदी बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते। जिससे आक्रोशित अभिभावकों ने विभागीय अधिकारियों को अवगत भी करवा दिया।

इस संदर्भ में नारनौल डीपो के महाप्रबंधक देवदत्त ने बताया कि नांगल चौधरी रूट से सुबह छह बजे चलने वाली बस बंद करने की जानकारी नहीं। डीआई से रिपोर्ट तलब करके जल्द बस सुविधा बहाल कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्री व विद्यार्थियों को बेहतर यातायात सुविध उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है।

# आज अटेली मंडी में बंद रहेगी बाजरे की खरीद

*किसान पंजीकृत मोबाइल से ई-खरीद पोर्टल पर जनरेट करें गेट पास*

**मंडी परिसर में बड़ी मात्रा में बाजरा आ चुका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

बाजरे की अधिक आवक होने के कारण तीन नवंबर को अनाज मंडी अटेली में फसल की खरीद नहीं होगी। जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी सुनीता ने बताया कि सोमवार को अनाज मंडी अटेली में खरीफ फसल की खरीद बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से हाल ही में हुई बाजरे की रिकॉर्ड तोड़ बंपर आवक के मद्देनजर लिया गया है। मंडी परिसर में बड़ी मात्रा में बाजरा आ चुका है, जिससे पर्याप्त जगह की कमी हो गई है। कमेटी ने स्पष्ट किया है कि यह कदम पूरी तरह से किसानों की सहूलियत और उनकी उपज की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

अवकाश के दिन का उपयोग मंडी में अनाज को व्यवस्थित करने, जरूरी साफ-सफाई करने और रखरखाव के कार्य पूरे करने में किया जाएगा, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी तरह का नुकसान या असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि मंडी में व्यवस्था सुधरने के बाद खरीद प्रक्रिया और भी सुचारू रूप से चल पाएगी। ऐसे में सभी किसान तीन नवंबर को अपनी कृषि उपज लेकर मंडी में न आएं। इसी तरह सभी व्यापारियों और आढ़तियों से भी आग्रह है कि वे इस दिन कृषि उपज की खरीद या बिक्री का कोई कार्य न करें।

मार्केट कमेटी ने सभी से आदेश का पालन करने और मंडी के सुचारू संचालन में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेश के अनुसार अब हर किसान को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ई-खरीद पोर्टल पर गेटपास जनरेट करना होगा। इसके बाद मंडी में कर्मचारी क्यूआर कोड स्कैन कर फसल की खरीद करेंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्र से खिलौने व बर्तन चोरी

**कनीना।** गांव गुढ़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर अज्ञात चोर बच्चों के खिलौने सहित बर्तन चोरी कर ले गए। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी वर्कर अंजू की ओर से कनीना सदर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 30 अक्टूबर को जब वह आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो चम्मच,ग्लास, प्लेट, बच्चों के खिलौने सहित डेढ़ किलोग्राम गायब मिला। पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना इंचार्ज सजन सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।

### रोटरी इंटरनेशनल ने नए क्लब का किया गठन

# रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स के प्रधान बने दिनेश भार्गव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में सामाजिक कार्यों में बढ़ोतरी के लिए रोटरी इंटरनेशनल ने रोटरी क्लब ऑफ नारनौल रॉयल्स के नाम से नए क्लब का गठन किया है। जिसमें दिनेश भार्गव को क्लब का प्रधान व सत्यनारायण सैनी को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी ने नवगठित क्लब के पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि रोटरी क्लब ऑफ नारनौल रॉयल्स के गठन से क्षेत्र में सेवा कार्यों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि क्लब समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और युवा सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करेगा। असिस्टेंट गवर्नर पारस चौधरी ने प्रधान दिनेश भार्गव व उपप्रधान अनिल यादव को रोटरी इंटरनेशनल के नये क्लब का चार्टर सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए



नारनौल। क्लब का चार्टर सर्टिफिकेट प्रदान करते पारस चौधरी। फोटो: हरिभूमि

बधाई दी और कहा कि रोटरी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा का एक विचार है, जो लोगों को जोड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम करता है। नवनियुक्त प्रधान दिनेश भार्गव ने रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी व असिस्टेंट गवर्नर पारस चौधरी का आभार जताया।

### बलाना स्थित आरपीएस कॉलेज में आयोजित खेल महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे धर्मवीर सिंह

# खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का दे रहे अवसर: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा मैडल हमारे प्रदेश के बच्चे लाते हैं और हमें उन पर गर्व है। सांसद धर्मवीर सिंह रविवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा के गांव बलाना स्थित आरपीएस कॉलेज में सांसद खेल महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। विधायक कंवर सिंह यादव समेत अनेक गणमान्यजन उनके साथ मौजूद रहे। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव में छुपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आगाज किया है, ताकि ग्रामीण अंचल में रहने वाले युवाओं को भी आगे बढ़ने के अवसर मिले। इस अवसर पर महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद थें।

खेल महोत्सव में गर्ल्स व बॉयज की खेलकूद की अनेक प्रतियोगिताएं कराई गई। कबड्डी लड़कों में प्रथम स्थान पर सतनाली



महेंद्रगढ़। खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाते सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

बास, द्वितीय स्थान पर नांगल माला इसी प्रकार तृतीय स्थान पर झगड़ौली की टीम थी। लड़कियों में प्रथम स्थान पर एसआरटीआर सुरजनवास, द्वितीय स्थान पर संस्कार भारती पाली इसी प्रकार तृतीय स्थान पर चेतन माधोगढ़ की टीम रही। हाई जंप लड़कों में प्रथम स्थान पर ध्वनि झगड़ौली से, द्वितीय स्थान पर आशीष नांगल माला से, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सन्नी बुचावास रहे। लड़कियों में प्रथम स्थान पर हिमांशी आरपीएस स्कूल बलाना से, द्वितीय स्थान पर संध्या महेंद्रगढ़ से, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर प्रांजल महेंद्रगढ़ से रही। लोंग जंप लड़कों में प्रथम स्थान पर हितेश, द्वितीय स्थान पर ध्वनि, तृतीय स्थान पर निर्भय रहे, लड़कियों में प्रथम स्थान पर हिमांशी, द्वितीय स्थान पर शिवानी, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर मनीषा रही।

**1500 मीटर दौड़ में रोहित प्रथम**

1500 मीटर दौड में लड़कों में प्रथम स्थान पर रोहित बुचावास से, द्वितीय स्थान पर नितिन सोहला से, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर मनजीत माधोगढ़ से रहे, लड़कियों में प्रथम स्थान पर शशि, द्वितीय स्थान पर प्रांजल, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर यशस्वी रही।100 मीटर दौड़ में लड़कों में प्रथम स्थान पर हितेश, द्वितीय स्थान पर यश, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर विनीत रहे, लड़कियों में प्रथम स्थान पर हिमांशी द्वितीय स्थान पर मोनू, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर संध्या रही वॉलीबॉल में प्रथम स्थान पर आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना, द्वितीय स्थान पर आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज बलाना, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर वेटरनरी कॉलेज बलाना रहे। रस्साकसी में प्रथम स्थान रविन्द्र एण्ड टीम, द्वितीय स्थान पर विकास एण्ड टीम रही।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसडीएम कनिका गोयल आईएएस, तहसीलदार अजय कुमार, जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू, क्रिकेट कोच प्रवीण रंगा, जिम्नास्टिक कोच संदीप, स्विमिंग कोच रविन्द्र, सांसद खेल महोत्सव प्रोटोकॉल को-ऑर्डिनेटर संदीप मालडा व इवेंट्स को-ऑर्डिनेटर सुधीर चांदवास, आरपीएस कॉलेज के डायरेक्टर महेश कुमार यादव, एंकर एसएन शर्मा आईपीएस, शिक्षा विभाग से राजेश शर्मा झाड़ली, बलाना गांव के सरपंच बिन्दर पाली, गांव के सरपंच देशराज, सरपंच डालनवास ओमवीर, सुरहेती जाखल से सरपंच चंद्रप्रकाश, भुरजट गांव से सरपंच मैनपाल आदि नागरिक मौजूद रहे।



नारनौल। खिलाड़ी निशा।

### 35वीं सीनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नारनौल।** गोवा में आयोजित 35वीं सीनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिन में हरियाणा की ओर से खेलते हुए बाबा जोधा दास स्पोट्र्स महरमपुर की खिलाड़ी निशा पुत्री हंसराज ने कांस्य पदक जीता है। 23 से 27 अक्टूबर के बीच हुई इस प्रतियोगिता में पदक हासिल कर अकादमी में पहुंचने पर रविवार ग्राम वासियों व खिलाड़ियों की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अकादमी संचालक संतराम, नरेश ढिल्लो, करणसिंह, राजाराम, बलवान सरपंच, बाबूलाल, हंसराज, अंकित व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

## लाइफ Style



# किआरा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

# पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन

## एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैमब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप



### नशा रहित समारोह करने पर किया सम्मानित

**नारनौल।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की ओर से नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव बूढ़वाल में प्रजापति समाज के सुरजभान प्रजापति को अपने पौत्रों का लग्न समारोह नशा रहित करने पर सम्मानित किया गया। जिसमें एक गुलाब का पौधा व स्मृति चिह्न सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। उन्होंने किसी प्रकार के नशे से संबंधित शराब, गुटखा आदि के बगैर समारोह का आयोजन किया। प्रजापति महासभा की ओर से चलाई गई मुहिम के अंतर्गत जो भी प्रजापति समाज का परिवार नशा रहित कार्यक्रम चाहे शादी, लग्न समारोह, कुआं पूजन, सेवानिवृत्ति, जन्मदिन आदि जो भी कार्यक्रम नशा रहित करता है, उस परिवार को महासभा की ओर से सम्मानित किया जाता है। महासभा के कोषाध्यक्ष मुख्य अध्यापक रतिराम कनौजिया व एडवोकेट सुरेंद्र कुमार ने बताया कि नशा करना नुकसानदायक होता है। इसमें तन, मन, धन के अलावा सामाजिक इज्जत भी खराब होती है।

### घोड़ी पर बैठाकर लड़की का बनवारा निकाला

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सिलारपुर निवासी कमांडेंट जसवंत सिंह सोनी ने अपनी सुपौत्री डॉ. स्नेहा को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकालकर एक नई मिसाल कायम की है। यह कदम न केवल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थकता प्रदान करता है बल्कि समाज में लड़कियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। डॉ.स्नेहा ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित किया है कि लड़कियां भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। कमांडेंट जसवंत सिंह सोनी ने कहा कि लड़का और लड़की एक समान हैं, इसलिए उनमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। लड़कियां भी अपनी शिक्षा, योग्यता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।

### शहादत माटी कलश यात्रा का किया स्वागत

**महेंद्रगढ़।** रेजांगला शहादत माटी कलश यात्रा का महेंद्रगढ़ के पाल पैलेस में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक कंवर सिंह यादव ने पहुंचकर शहीदों की पावन माटी को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद हमारे गौरव हैं। उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर हर नागरिक को राष्ट्र सेवा में योगदान देना चाहिए। उन्होंने यात्रा से जुड़े आयोजकों व उपस्थित जनसमूह की भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं। विधायक ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए उनके कुशलक्षेम भी पूछे और आयोजन समिति की सराहना की।

## खजाना कार्यालय में राज्य सरकार से पेंशनधारकों की सुविधा के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित

# सेवानिवृत्त पेंशनधारकों के जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया आज से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सेवानिवृत्त वरिष्ठ पेंशनधारकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े एवं भीड़-भाड़ संबंधित परेशानी से बचने के लिए अलग-अलग आयु के पेंशनधारकों के लिए अलग दिन निर्धारित किए गए हैं। अब तीन से सात नवंबर तक 75 वर्ष व इससे अधिक आयु वाले पेंशन धारक, 10 से 14 नवंबर तक 65 से 75 वर्ष की आयु वाले पेंशनधारक, 17 से 21 नवंबर तक 58 से 65 वर्ष तक आयु वाले पेंशनधारक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। 24 व 25 नवंबर को पति-पत्नी के अलावा आश्रित पारिवारिक पेंशनधारक के साथ-साथ अन्य बचे हुए पेंशनधारक अपना जीवन प्रमाण पत्र खजाना तथा उप-खजाना कार्यालय में जमा करवा सकते हैं ताकि नवंबर माह की पेंशन का भुगतान समय रहते किया जा सके। किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए पेंशनधारक अपने आयु वर्ग के लिए निर्धारित तिथि एवं राजपत्रित अवकाश को ध्यान में रखते हुए ही जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए उपस्थित हों। पेंशनधारक अपने साथ आधारकार्ड, पैन कार्ड, फैमिली आईडी की फोटो प्रति अवश्य लेकर आए। पारिवारिक पेंशनधारकों के लिए गैर पुनर्विवाह प्रमाण पत्र एवं पति-पत्नी के अलावा आश्रित पेंशनधारकों के लिए नवीनतम आय प्रमाण पत्र के साथ साथ गैर पुनर्विवाह प्रमाण पत्र (विधवा आश्रित पुत्री) लाना भी अनिवार्य है। स्मार्ट फोन के माध्यम से जमा किए गए प्रमाण पत्र के लिए किसी भी प्रकार की कोई फीस का प्रावधान नहीं है। पेंशनधारक इस प्रक्रिया के लिए अपने निज परिवारजनों का सहयोग प्राप्त कर आसानी से जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। उपरोक्त दिए गए तरीकों के अलावा वह पेंशनधारक, जो बीमार होने व अधिक उम्र होने के कारण कहीं आने जाने में असमर्थ हैं, वह अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधि के माध्यम से घर बैठे भी जमा करवा सकते हैं। इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क की दरें लागू रहेंगी।

जो पेंशनधारक घर बैठे पहली बार ऑनलाइन माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र देना चाहते हैं, वह पहले स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्बंधित खजाना व उप-खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर पेंशन पोर्टल पर अपना आधार अपडेट करवाएं ताकि जीवन प्रमाण पत्र की जमा करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके एवं किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**अन्य तरीके, जिससे दिया जा सकता है जीवन प्रमाण पत्र**

सभी पेंशनधारक खजाना तथा उप-खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र देने के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से भी अपना जीवित होने का प्रमाण पत्र दे सकते हैं। जैसे अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर या स्वयं स्मार्ट मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन तरीके से बहुत ही सुगम तरीके से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाया जा सकता है।

**जीवन प्रमाण-पत्र के लिए ये एप**

जिला खजाना अधिकारी विपिन यादव ने बताया कि यह प्रमाण पत्र ऑनलाइन मोड में जमा करवाने के लिए सबसे पहले जीवन प्रमाण पत्र फेस एप तथा दूसरा आधार फेस आरडी, दोनों सॉफ्टवेयर एप प्ले स्टोर से अपने स्मार्टफोन से इंस्टाल करने होंगे। इसके बाद पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है।

**यह भी रखें ध्यान**

पारिवारिक पेंशनधारकों को गैर पुनर्विवाह प्रमाण पत्र एवं पति-पत्नी के अलावा आश्रित पारिवारिक पेंशनधारकों को आय प्रमाण पत्र के साथ साथ गैर पुनर्विवाह प्रमाण पत्र (विधवा आश्रित पुत्री को) जमा करने की सूरत में भी खजाना व उप-खजाना कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर जमा करवाने होंगे। पेंशनधारक अपने मोबाइल पर किसी भी फ्रॉड तरीके से जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए भेजे गए लिंक पर न जाएं।

## सड़क किनारे खड़े होते हैं प्रतिदिन 500 से अधिक वाहन

# पार्किंग के अभाव में आईटीआई रोड पर आमजन को उठानी पड़ रही परेशानी

- 50 से अधिक दुकानदारों को हो रही परेशानी, बार-बार पार्किंग की उठा चुके मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** आईटीआई रोड पर बीच सड़क खड़े वाहन। फोटो: हरिभूमि

शहर में आईटीआई रोड स्थित भूतपूर्व सैनिक कैंटीन सड़क मार्ग पर पार्किंग के अभाव में जाम लगा रहता है। पार्किंग नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरीवश अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ रहे है। कैंटीन के पास 50 से अधिक दुकानदार परेशान हो रहे है। राहगीर जगह के अभाव में वाहनों को बीच सड़क पर खड़ा कर देते है।

भूतपूर्व सैनिक कैंटीन के सामने लगभग 500 अधिक से अधिक वाहन दिनभर खड़े रहते हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर पालिका ने अभी तक पार्किंग की व्यवस्था नहीं करवाई है। पार्किंग के अभाव में लोग भी मनमाने स्थानों पर वाहन पार्किंग करने को मजबूर है। कैंटीन में जब लोग सामान लेने के लिए जाते है तब वे अपने वाहनों को दुकानदारों के सामने खड़ी कर देते है। इसके साथ-साथ यहां जाम लग जाता है। जिसके कारण लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

राहगीरों का कहना है कि जब बाजार में सामान लेने के लिए जाते है आईटीआई रोड पर दुकानों के सामने जाम की स्थिति बनी रहती है। पार्किंग के अभाव में लोगों को भी मजबूरीवश अपने वाहनों को मनचाहे स्थानों पर खड़ा करना पड़ता है। जब रेहड़ी चालकों से सामान खरीदते है तो पार्किंग नहीं होने के कारण उन्हें किसी दुकान के सामने वाहन खड़ा कर लोग खरीदारी के लिए जाते हैं। ऐसे में खासतौर से बाइक चालकों को बाइक चोरी होने का भय बना रहता है। शहर में पार्किंग का होना बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ खरीदारों को परेशानी होती है बल्कि व्यापारियों को भी नुकसान होता है। नगर पालिका द्वारा शहर में एक भी पार्किंग नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करके चले जाते है। उसके बाद व दो घंटे तक वापस नहीं आते। जिसके कारण जाम लग जाता है। नपा को शीघ्र से शीघ्र पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि बाजार में आने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**शीघ्र लगेंगे टेंडर**

शीघ्र ही टेंडर लगाए जाएगे। इसके साथ-साथ अलग-अलग जगहों को चिन्हित करके पार्किंग बनाई जाएगी। लोगों को पार्किंग के अभाव में परेशान नहीं होना पड़गा। नपा की बैठक के दौरान पार्किंग बनाने की योजना पर भी प्रस्ताव पास किया गया था। जल्द ही जगह का चयन कर पार्किंग शुरू की जाएगी।
**-रमेश सैनी, नगर पालिका प्रधान, महेंद्रगढ़**

**नपा आय का बढ़ा सकती है साधन**

नगर पालिका पार्किंग स्थल बनाकर अपना आय का साधन बढ़ा सकती है। नगर में प्रतिदिन दो हजार दुपहिया वाहन और दो हजार के करीब चौपहिया वाहन पार्किंग के अभाव में इधर-उधर खड़े करते है। नपा दो या तीन पार्किंग स्थल बनाकर लाखों रुपये के टेंडर कर अपनी आय भी बढ़ा सकती है। इससे पालिका की न केवल आय बढ़ेगी बल्कि शहर में जाम और अतिक्रमण जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## आरपीएस विद्यालय में हरियाणा दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में हरियाणा दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने हरियाणवी नृत्य, खानपान और रहन-सहन से संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिससे उन्होंने हरियाणवी संस्कृति की विविधताओं को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही, बच्चों ने भाषण और कविता के माध्यम से भी प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जानकारी दी। विंग हैड साक्षी मलिक ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के प्रमुख व्यक्तित्वों ने बच्चों को हरियाणा दिवस के महत्व को बताते हुए प्रदेश की संस्कृति से परिचित कराया। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि हमारा राज्य अपनी मिट्टी और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। हमें गर्व है कि हम हरियाणा की संतान हैं और हमें अपनी संस्कृति को संजोकर रखना चाहिए। आज के इस कार्यक्रम से बच्चों को हरियाणवी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में सीखने का अवसर मिल रहा है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा हरियाणा दिवस हमें अपने राज्य की ऐतिहासिक विरासत को याद दिलाता है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि हमारा राज्य न केवल कृषि और उद्योग में अग्रणी है बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि हमें अपने प्रदेश की संस्कृति को समझने और इसे आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता है।

## विद्या भारती स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में एक व दो नवंबर को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी बलदेव सिंह चहल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथ रवि कुमार निजामपुर थे। प्रतियोगिता में निर्णायक की स्कूल से पूनम व राहुल ने निभाई। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने सभी विजेता खिलाड़ियों व टीमों को मेडल प्रदान किए। इस दौरान विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी आदि मौजूद थे।




**नारनौल।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर आयोजित लंबीकूद कक्षा दो से तीन छात्रा वर्ग में दिव्या पुत्री राजकुमार, बुलबुल पुत्री धर्मवीर प्रथम, छात्र वर्ग में यश पुत्र अरविंद कुमार प्रथम, लंबीकूद कक्षा चौथी व पांचवीं छात्र वर्ग में जिज्ञासु पुत्र भजनलाल, छात्रा वर्ग में माही पुत्री राजकुमार प्रथम रहे। 100 मीटर रेस कक्षा दो व तीन छात्रा वर्ग में हर्षिता पुत्री दिलबाग सिंह प्रथम, फ्रॉग रेस में प्रवेश पुत्र रमेश प्रथम रहा। 100 मीटर रेस कक्षा चौथी व पांचवीं छात्रा वर्ग में तक्षिज पुत्री नरेन्द्र, छात्र वर्ग में गौरव पुत्र पवन कुमार प्रथम रहे। टेबल रेस कक्षा दो व तीन छात्रा वर्ग में बुलबुल पुत्री धर्मवीर, छात्र वर्ग में युवराज पुत्र श्यामसुंदर प्रथम, लेमन रेस कक्षा दो व तीन छात्र वर्ग में खुशाल पुत्र जयसिंह व छात्रा वर्ग में निक्कू पुत्री संदीप कुमार प्रथम, 100 मीटर रेस कक्षा दो व तीन सेमें यश पुत्र अरविंद कुमार व छात्रा वर्ग में हितिक्षा पुत्री अनिल कुमार प्रथम, 100 मीटर रेस कक्षा छठी से नौवीं छात्र वर्ग में देवेन्द्र पुत्र लीलाराम, छात्रा वर्ग में आंचल पुत्री गणेश राम प्रथम, लंबीकूद छात्र वर्ग में आर्यन पुत्र सतीश, छात्रा वर्ग में कृतिका पुत्री संदीप प्रथम, थ्री लेग रेस कक्षा चौथी व पांचवीं छात्र वर्ग में जयंत पुत्र वेदपाल, रोनक पुत्र मनोज कुमार, छात्रा वर्ग में लव्या पुत्री दीपक, भावना पुत्री पवन कुमार प्रथम रहे।

ऊंचीकूद कक्षा दो व तीन छात्र वर्ग में लक्ष्य पुत्र उदय सिंह, छात्रा वर्ग में हर्षिता पुत्री दिलबाग सिंह प्रथम, ऊंचीकूद कक्षा चौथी व पांचवीं छात्र वर्ग में हेमंत पुत्र दयाराम, छात्रा वर्ग में स्वीटी पुत्री विकास कुमार प्रथम, ऊंचीकूद कक्षा छठी से नौवीं छात्र वर्ग में अनित पुत्र संदीप प्रथम रहा। खो-खो कक्षा चौथी व पांचवीं छात्र वर्ग में मंगल पांडे हाउस, छात्रा वर्ग में कल्पना चावला हाउस की टीम विजेता रही। खो-खो कक्षा छठी से नौवीं छात्र व छात्रा दोनों वर्गों में मीरा बाई हाउस की टीम विजेता रही।

## हरियाणा बार काउंसिल की अनुशासन और सतर्कता समिति के मेंबर बने सजीत यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अधिवक्ता सजीत कुमार यादव को पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल की अनुशासन एंड सतर्कता समिति का को-ऑप्टेड मेम्बर बनाए जाने पर बार एसोसिएशन में खुशी की लहर है। अधिवक्ता सजीत कुमार ने अपनी नियुकित पर मिनिंद्रजीत यादव पूर्व चेयरमैन पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल का विशेष आभार प्रकट किया है।

अधिवक्ता सजीत यादव की नियुक्ति पर मिनिंद्रजीत यादव ने कहा कि अधिवक्ता सजीत कुमार यादव की साफ छवि को देखते हुए यह विशेष जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला बार एसोसिएशन का आधुनिकीकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। अपनी नियुकित पर अधिवक्ता सजीत कुमार ने कहा कि वह पूरी निष्ठा से काम करेंगे।



**नारनौल।** पूर्व चेयरमैन मिनिंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त करते अधिवक्ता सजीत यादव व अन्य। फोटो: हरिभूमि

अधिवक्ता सजीत यादव की नियक्त पर जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर सिंह यादव, खुशीराम यादव, कर्णसिंह भोजवास, हेमंत भारद्वाज सिहमा, महावीर सिंह गुर्जर पूर्व उपप्रधान, हेमंत वर्मा, डॉ. संग्राम सिंह, महेंद्र खंडेलवाल, अश्वनी यादव मांदी, गजेन्द्र यादव पटीकरा, पूर्व प्रधान गिरिबाला, मंजीत सिंह पूर्व प्रधान, ऋतिक यादव, मुकेश यादव, नरेंद्र सिंह गुवानी, विजय चौधरी, प्राण कुमार, बजरंग जांगड़ा, बलजीत यादव, शमशेर सिंह, धर्मवीर, सचिव प्रदीप यादव, विपिन यादव सहित अनेक अधिवक्ताओं ने पूर्व चेयरमैन मिनिंद्रजीत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ता सजीत यादव अधिवक्ता साथियों के प्रति पूर्ण समर्पित रहते है।

## बिहार चुनाव में नया इतिहास रचने जा रही भाजपाः डॉ. यतेन्द्र राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. यतेन्द्र राव ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी व एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और नेतृत्व क्षमता ने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त व गौरवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है, उसी का प्रभाव बिहार की जनता के उत्साह व समर्थन में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 11 वर्षों के दौरान अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हुई हैं।

डॉ. राव ने कहा कि बिहार के मतदाता अब जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति से उकता चुके हैं। जनता अब उस राजनीति को प्राथमिकता दे रही है, जो विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के मूल्यों पर आधारित है। विपक्ष ने जनता को सिर्फ झूठे वादे दिए, जबकि भाजपा ने धरातल पर काम कर दिखाया है। चाहे वह गरीबों को पक्के मकान देना हो, किसानों को सहायता, युवाओं को रोजगार अवसर या देश की सुरक्षा को मजबूत करना। नरेंद्र मोदी ने गुजरात में विकास का जो मॉडल स्थापित किया, आज वहीं पूरे भारत के विकास का आधार बन चुका है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है।

## देवउठनी एकादशी पर श्री विष्णु भगवान मंदिर में तुलसी पूजन व कथा का आयोजन

# तुलसी का हमारे जीवन में धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवउठनी एकादशी के पर रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में तुलसी पूजन एवं कथा आयोजि की गई। इस दौरान प्रातः काल से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर हाथों में पूजा की थालियां सजाईं और मंगल गीतों के साथ तुलसी माता की आराधना आरंभ की। मंदिर परिसर को रंगोली, दीपों और फूलों से सजाया गया था।

तुलसी चौरा को विशेष रूप से सजाकर दीपमालाओं से अलंकृत किया गया। महिलाओं ने पूजा विधि के अनुसार तुलसी माता पर जल, रोली, चावल, फूल, दीपक और नैवेद्य अर्पित किया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से तुलसी स्तुति का पाठ किया और भक्ति गीत गाए। मंदिर प्रभारी शंकर ने कहा कि तुलसी का भारतीय संस्कृति और जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। तुलसी को देवी तुलसी के रूप में पूजनीय माना जाता है। उन्होंने बताया कि तुलसी के पौधे से वातावरण शुद्ध होता है और यह कई प्रकार की बीमारियों से रक्षा करती है। तुलसी को भगवान विष्णु की प्रिय मानी जाती है, इसलिए देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह एवं पूजा का विशेष महत्व है। शंकर ने कहा कि देवउठनी एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जाग्रत होते हैं और सृष्टि में पुनः जीवन और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को देवउठनी एकादशी की कथा सुनाई। कथा में उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु की निद्रा समाप्त होने के बाद ही विवाह, यज्ञ और अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत की जाती है। इसलिए इस दिन तुलसी विवाह का आयोजन कर शुभ कार्यों की पुनः शुरुआत की जाती है। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं भक्ति में लीन होकर भगवान विष्णु और माता तुलसी के जयकारे लगाती रहीं। कथा समाप्ति के पश्चात सभी ने आरती में भाग लिया और सामूहिक रूप से तुलसी माता और विष्णु भगवान के भजन गाए।



**महेंद्रगढ़।** तुलसी पूजन करती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

**सुख-समृद्धि और शांति की कामना की**

*कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने तुलसी माता को भोग और प्रसाद अर्पित किया, दीप प्रज्वलित किए तथा एक-दूसरे को देवउठनी एकादशी की शुभकामना दीं। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति, सौहार्द और उल्लास का माहौल बना रहा। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने तुलसी पूजन में भाग लेकर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया और भक्तजन भक्ति से भावविभोर होकर घर लौटे।*

### 100 बीएएमएस सीटों की मंजूरी राव इंद्रजीत व आरती राव की पैरवी का नतीजा

**नारनौल।** युवा नेता विकास यादव बड़कोदा ने बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पटीकरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 100 बीएएमएस सीटों पर दाखिले की अनुमति मिलने पर केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया है। विकास यादव बड़कोदा ने बताया कि पिछले कुछ सत्रों में कॉलेज में शिक्षकों व तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण सभी 100 सीटों पर प्रवेश नहीं हो पा रहे थे। जिससे यह संख्या घटकर केवल 63 सीटों तक सीमित रह गई थी। जिसके कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों का भारी नुकसान हो रहा था। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की मजबूत पैरवी के चलते प्रदेश सरकार ने कॉलेज में आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति, संरचना सुधार व शैक्षणिक मानकों को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से मामले की जोरदार पैरवी के कारण कॉलेज को उसकी पूर्ण 100 सीटों की मान्यता पुनः प्रदान की गई है।